# एमवीआई के 90 पदों के लिए आज से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

### 11 मई से स्वीकार किए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

patna@inext.co.in

**PATNA(10 May):** अब जिलों में वाहनों की जांच, स्कूल बस जांच, ड्राइविंग टेस्ट और वाहन फिटनेस जांच आदि के लिए मोटर वाहन निरीक्षकों (एमवीआई) की अब कमी नहीं रहेगी. परिवहन विभाग द्वारा नए पद को सृजित किया गया है. एमवीआई के रिक्त 90 पदों पर बहाली होगी. नियुक्ति की प्रक्रिया बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा की जाएगी.एमवीआई के 90 पदों पर नियुक्ति के लिए 11 मई से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे. ऑनलाइन आवेदन 26 मई तक कर सकेंगे. आवेदन के लिए लिंक बीपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध है. परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया की मोटर वाहन निरीक्षकों की कमी से वाहन जांच, वाहनों की फिटनेस जांच, दुर्घटना वाले वाहनों का स्पॉट वेरीफिकेशन आदि कार्य प्रभावित हो रहा है. 90 पदों पर बहाली होने पर जांच में तेजी आएगी.

## 2007 के बाद बहाली

बता दें कि 2007 के बाद पहली बार परिवहन विभाग मे एमवीआई के 90 पदो के लिए वैकेंसी आई है. एमवीआई के 90 पदो मे अनारक्षित वर्ग के लिए 26, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 6, अनुसूचित जाति के लिए 20, अनुसूचित जनजाति के लिए 2, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 22, पिछड़ा वर्ग के लिए 10 एवं पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए 4 सीटें आरक्षित हैं.

## शैक्षणिक योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवी कक्षा पास. केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान द्वारा प्रदान किया गया ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग मे डिप्लोमा (3 वर्षीय पाठ्यक्रम) या यांत्रिक इंजीनियरिंग मे डिप्लोमा (3 वर्षीय पाठ्यक्रम )और गियर वाली मोटरसाइकिल और हल्के मोटरयान चलाने के लिए अधिकृत चालन लाइसेंस का धारण करना. प्रशिक्षु चालन अनुज्ञप्ति मान्य नही होगा. चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर होगा.